प्रेस नोट

दिनांक 07.05.2025

श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की अध्यक्षता में जीजीआईसी मैदान में मॉकड्रिल/अभ्यास आयोजित कराया गया।

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुपालन में दिनांक 07.05.2025 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की उपस्थिति में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी), हमीरपुर के मैदान में एक व्यापक मॉकड्रिल/आपदा अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभ्यास आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा, जनमानस को जागरूक करने तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया।

इस मॉकड्रिल में सिविल प्रशासन, पुलिस प्रशासन, अग्निशमन सेवा, होमगार्ड विभाग, पीआरडी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आपदा प्रबंधन से जुड़ी संस्थाएं, एनसीसी, स्वयंसेवी संगठन, सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी, स्थानीय नागरिकों सहित विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों से आए शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकों ने सक्रिय सहभागिता की। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जनता को यह प्रशिक्षण देना था कि किसी भी आपातकालीन स्थिति विशेषकर हवाई हमले, आगजनी या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किस प्रकार सतर्क, सुरक्षित एवं सजग रहकर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास से नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे किसी भी आपदा की स्थिति में घबराने की बजाय सही निर्णय ले सकें, इसके लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। मॉकड्रिल के अंतर्गत आपदा की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित प्रतिक्रिया, घायलों को प्राथमिक उपचार, अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग, सुरक्षित स्थानों पर निकासी, आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता, तथा समन्वित प्रयासों की समीक्षा की गई।

इस अभ्यास के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया गया कि जिले में उपलब्ध आपात संसाधन और जनशक्ति आपातकालीन परिस्थितियों में कैसे कार्य करती है, तथा यदि कहीं कोई कमी है तो समय रहते उसकी पूर्ति की जा सके। साथ ही यह अभ्यास सुरक्षा प्रोटोकॉल की व्यवहारिक समीक्षा, उपकरणों के संचालन एवं रखरखाव की परख तथा आपदा प्रबंधन की वास्तविक क्षमता को परखने का भी एक जरिया रहा।

मॉकड्रिल में शामिल सभी विभागों ने अनुशासन, तत्परता और समन्वय का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में जिलाधिकारी महोदय हमीरपुर ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की एवं जनसामान्य से अपील की कि वे इस प्रकार के आयोजनों को गंभीरता से लें और सुरक्षा के प्रति सजग रहें, ताकि किसी भी आकस्मिक आपदा के समय नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।